# बिहार विधान परिषद

**206वां बजट सत्र**

## 27 फरवरी 2024

----

: [**ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** ].

**कुल प्रश्न 21**

----

**प्रभार मुक्त**

*53 **श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा के सरकारी वकील का प्रभार विगत पांच वर्षों से अवैध ढंग से उनके पास है, जिनका नाम सरकारी वकील और सहायक सरकारी वकील के पैनल में कहीं नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि माननीय विधायक श्रीमती नीतु कुमारी ने सरकार को दिये गये ज्ञापन में उल्लेख किया है कि उक्त प्रभारी जी०पी० 75 वर्षीय वृद्ध हैं और हृदय रोग से ग्रसित रहने के फलस्वरुप न्यायालयों में उपस्थित होने तथा दौड़-धूप में सक्षम नहीं हैं

(ग) क्या यह सही है कि खण्ड (ख) में वर्णित ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि कुछ दलाल टाईप लोग इनके दफ्तर को चलाते है और दोहन करके अप्रत्यक्ष रुप से सरकारी भूमि सहित अनेक सिविल मामलों में सरकारी पक्ष को कमजोर करने का गंभीर कृत्य करते हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रभारी जी०पी० को प्रभार मुक्त करने का विचार रखती है, यदि हां तो

कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## निजी नर्सिंग होम का निबंधन

*148 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नैदानिक स्थापना, 2013 के प्रावधानों के अनुसार निजी नर्सिंग होम एवं लैब संचालकों का निबंधन जिला स्तरीय प्राधिकार गठित कर किया जाना है;

(ख) क्या यह सही है कि प्राधिकार का गठन नहीं होने पर पूर्वी चंपारण जिले में सिविल सर्जन के द्वारा ही निबंधन किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा आवेदकों से जरूरी कागजात के अलावा आई.एस.ओ. सर्टिफिकेट की मांग कर उन्हें परेशान किया जा रहा है, जबकि नियमों में ऐसा प्रावधान नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निजी नर्सिंग होम एवं लैब संचालकों के निबंधन हेतु जिला स्तरीय प्राधिकार गठित करने तथा अनावश्यक सर्टिफिकेट मांगने की जांच कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नल-जल योजना प्रारंभ करने का विचार

*149 **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के मोहरा प्रखंड कजूर में हर घर नल-जल का योजना अभी तक लागू नहीं होने से वहां के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि रमना रोड मोहरा प्रखंड कजूर में हर घर नल-जल का योजना प्रारंभ होने से वहां के लोगों को स्वच्छ पानी मिल जायेगा और वहां के लोगों में काफी खुशी का माहौल होगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसी वितीय वर्ष में रमना रोड के मोहरा प्रखंड मुख्यालय कजूर में नल-जल योजना प्रारंभ करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नामकरण पर विचार

***150 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय के बेतिया शहर में बेतिया राज की जमीन पर स्थापित महारानी जानकी कुँवर अस्पताल की स्थापना दशकों पूर्व की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा इस अस्पताल का अधिग्रहण वर्ष 2013 में किया गया एवं इसका नामांकन गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज कर दिया गया ;

(ग) क्या यह सही है कि बेतिया राज की जमीन पर स्थापित इस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का नामकरण बेतिया राज की महारानी जानकी कुँवर के नाम से ही किये जाने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, बेतिया का नामकरण महारानी जानकी कुँवर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## चयन रद्द करना

***151 श्री संजय कुमार सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर सचिव सह कार्यपालक निदेशक के पत्रांक- SHSB/PM(ASHA)25/2010 Part-iii 956 दिनांक- 25.05.2020 के द्वारा आशा फैसिलेटर का चयन का मापदंड दसवीं (प्रवेशिका) पास की है;

(ख) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला के अगिआंव प्रा.स्वा. केन्द्र में तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी के पत्र सं.-175 दिनांक 07.08.2022 के द्वारा पूजा देवी, पति- दिलीप कुमार सिंह, ग्राम+पो.- अगिआंव को आशा फैसिलेटर के पद पर चयन कर लिया गया है, जो कार्यरत हैं, जो सरकार के निर्धारित चयन मापदंड के विरुद्ध है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियम विरुद्ध आशा फैसिलेटर के पद पर कार्यरत कर्मी का चयन रद्द करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## निविदाओं व कार्य आवंटन में अनियमितता

*152 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा में निविदाओं और कार्य आवंटन में नियमों के विरुद्ध घोर अनियमितता की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि एक ही योजना को कई पार्ट में कर के अपने चहेतों को कार्य आवंटित किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि 'ग्रुप – D' श्रेणी कार्यों का आवंटन 'ग्रुप – C' श्रेणी के संवेदक तथा जिला के बाहर के संवेदक को किया जा रहा है;

(घ) क्या यह सही है कि निविदाओं के प्रचार-प्रसार में सरकार एवं विभाग के आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है तथा वर्ष 2023-24 में P.R.D. से ली गई योजनाओं के रख-रखाव कार्य की निविदा में D.P.R, Estimate एवं B.O.Q को अनावश्यक बढ़ाकर चहेते संवेदको के माध्यम से कम कार्य करा कर एवं घटिया सामग्री का प्रयोग करा कर पैसों की बंदरबाँट की जा रही है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा के माह जुलाई 2020 से अबतक हुई निविदाओं की जांच करा कर दोषी पदाधिकारियों पर कारवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## गुड़ उत्पादन

*153 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **गन्ना उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार देश एक प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्य है, यहां चीनी और गुड़ का बड़ी मात्रा में उपयोग भी होता है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार में चीनी मिलें कार्यरत हैं लेकिन गुड़ प्रसंस्करण के बहुत ही कम प्लांट कार्यरत हैं जबकि गुड़ का प्रयोग बड़ी मात्रा में होता है, बिहार में उपयोग का लगभग सभी गुड़ दूसरे राज्यों से आता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार की क्या कार्य योजना है जिससे स्थानीय स्तर पर गुड़ का उत्पादन हो सके और किसानों को गन्ने का उचित मूल्य मिले और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके ?

----

## तत्काल स्थानांतरण की कार्रवाई

***154 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि लोकहित में स्वास्थ्य विभागाधीन अन्य विभागाधीन पदाधिकारियों / कर्मचारियों का सरकार के द्वारा किये गये तीन वर्ष पर स्थानांतरण का प्रावधान का पालन करने, स्थानांतरण-पत्र में स्थानांतरण के कारणों को उल्लेख करने एवं उन्हें स्थानांतरित स्थानों पर समुचित प्रशिक्षण देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के अभाव में आम जनता को मिलनेवाली स्वास्थ्य चिकित्सा से वंचित किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला स्वास्थ्य समिति पटना के अधीन 9 वर्षों से अधिक से पदस्थापित 18 प्रखंड अनुश्रवण, मूल्यांकन सहायक, डाटा ऑपरेटरों का स्थानांतरण नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग में इच्छाधारित व्यवस्था के आधार पर जनहित में चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा रही है;

(घ) क्या यह सही है कि सरकार ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से ही प्रत्येक पदाधिकारी और कर्मचारी को मात्र तीन वर्षों में ही स्थानांतरण का प्रावधान लागू किया है जो प्रत्येक वर्ष के जून माह में प्रस्तावित है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड-'ख' पर अंकित कर्मचारियों के स्थानांतरण हेतु 9 वर्ष बीत जाने पर तत्काल स्थानांतरण की कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## प्रोन्नति में विलम्ब

***155 प्रो. (डा.) राजवर्धन आजाद (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अमूनन मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों को सहायक प्रोफेसर से प्रोफेसर तक पहुंचने में कितना औसतन समय लगता है तथा सरकार द्वारा वर्णित मानक से कितना करीब या दूर है;

(ख) क्या यह सही है कि पिछले पांच वर्ष में जो प्रोन्नति दी गयी है उसकी औसतन अवधि कितनी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा प्रोन्नति में विलम्ब का क्या कारण है?

----

## विधिसंगत समिति का गठन

***156 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **विधि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अखिलेश कुमार जैन अध्यक्ष बिहार राज्य धर्मिक न्यास परिषद् पटना के ज्ञापांक-3301 दिनांक 04/01/2024 के द्वारा मधुबनी जिला के रहीका प्रखंड अंतर्गत कपिलेश्वर स्थान में नवन्यास समिति का गठन किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उपर्युक्त समिति के गठन से पूर्व कोई आम सभा की सूचना सार्वजनिक नहीं की गई ना ही स्थानीय जनप्रतिनिधि जैसे सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य को बैठक की सूचनाएं दी गई;

(ग) क्या यह सही है कि नवगठित समिति के सदस्यों की बिना सहमति एवं उनके गलत हस्ताक्षर से उनका नाम एवं दायित्व का प्रकाशन कर दिया गया है;

(घ) क्या सरकार उपर्युक्त विवरणों की प्रशासनिक जांच करवाना चाहती है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवगठित कमिटी को भंग करते हुए दोषी अधिकारी / कर्मियों पर कार्रवाई करते हुए नए सिरे से विधिसंगत समिति का गठन करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सेवांत लाभ का भुगतान

***157 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि श्री श्याम शंकर, वरीय लिपिक, सिविल सर्जन कार्यालय, पटना में पदस्थापित थे, सिविल सर्जन पटना के ज्ञापांक- 4127, दिनांक 07.06.2018 के आलोक में श्री शंकर का स्थानांतरण निदेशक, पटना प्रमंडल, पटना कर दिया गया था, जिसमें माननीय विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है और उसका अनुपालन भी किया गया;

(ख) क्या यह सही है कि श्री श्याम शंकर विभाग में कार्यरत रहते हुए दिनांक:- 28.02.2022 को सेवानिवृत्त हो गये, किन्तु अब तक उन्हें सेवांत लाभ का भुगतान नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री श्याम शंकर को सेवांत लाभ का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## बकाया राशि का भुगतान

***158 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **गन्ना उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा चीनी मिल से जुडे़ सीतामढ़ी सहित कई जिलों के हजारों किसानों के तीन वर्षों से अधिक गन्ना मूल्य का 51,31,91000(ऐकावन करोंड एकतीस लाख एकानवे हजार ) रू० बकाया है;

(ख) क्या यह सही है कि बकाया राशि का भुगतान न होने के कारण किसानों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रीगा चीनी मिल पर किसानों की बकाया राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई कब तक

***159 डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि उपसचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के ज्ञापांक – 607 (8) दिनांक 26.07.2023 द्वारा सभी जिला के सिविल सर्जनों को अपने अधीनस्थ चिकित्सा संस्थानों में पदस्थापित चिकित्सकों में से वरीय चिकित्सक को ही संस्थान का प्रभारी चि०पदा० बनाये जाने का निर्देश दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त निर्गत निर्देश के विरुद्ध डॉ० अनुपमा सिन्हा, चि०पदा०, अति० प्रा०स्वा० केन्द्र, शाहपुर (दानापुर) को प्रा०स्वा० केन्द्र, दानापुर, खगौल का प्रभारी चि०पदा० बनाया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाना चाहती है कि निर्देश के विरुद्ध प्रतिनियुक्त चि०पदा० को तत्काल हटाने की कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अपर स्वास्थ्य केन्द्र में तब्दील

***160 श्री संतोष कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, रोहतास एवं कैमूर):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कैमूर जिला के मोहनियां प्रखंड अंतर्गत बधिनी ग्राम एवं दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत जनार्दनपुर ग्राम में स्वास्थ्य उप केन्द्र संचालित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों की दूरी PHC दूरी 8-10 किलोमीटर है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित उप स्वास्थ्य केन्द्र को अपर स्वास्थ्य केन्द्र में तब्दील करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## विद्युत शक्ति उपकेन्द्र की स्थापना

*161 **श्री अनिल कुमार (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला के ग्राम चाढ में 33/11 के०वी० विद्युत शक्ति उपकेन्द्र स्थापित करने हेतु प्रस्तावित है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में कब तक विद्युत शक्ति उपकेन्द्र स्थापित कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## संस्थान का चयन

*162 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में सात निश्चय योजना के तहत सभी जिलों में 2020 में राजकीय पारा मेडिकल संस्थान की स्थापना हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के पारा मेडिकल संस्थानों में ट्यूटर, डिमॉन्सट्रेटर एवं व्याख्याता के 6-6 पद सृजित रहने के बावजूद एक भी पद पर बहाली नहीं हुई है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में सरकारी और गैर सरकारी पारा मेडिकल डिप्लोमा कोर्स के लिए कुल 92 कॉलेज हैं;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य में पारा मेडिकल स्नातक स्तरीय संस्थान एक मात्र पी.एच.आई. पटना है और मास्टर्स कोर्स के लिए राज्स के बाहर जाना पड़ता है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजकीय पारा मेडिकल संस्थान में स्वीकृत पद के विरुद्ध बहाली एवं मास्टर्स कोर्स हेतु संस्थान का चयन कर पढ़ाई शुरू कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## बुनकरों का ऋण माफ

***163 डा. एन. के. यादव (स्नातक कोशी):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बांका जिला के कटोरिया गांव के 9 बुनकरों का ऋण माफ नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि बैंक द्वारा ऋणी बुनकरों को तंग किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बुनकरों का ऋण माफ करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नल जल चालू कराने पर विचार

***164 श्री आफाक अहमद (सारण शिक्षक ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प. चंपारण जिलान्तर्गत, प्रखंड सिकटा की पंचायत सिरिसिया में नल जल सुचारू रूप से चालू नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में नल जल सुचारू रूप से चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## हाइटेंशन तार हटाने के संबंध में

***165 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत हलका सर्किल नगर परिषद्, मिनहाज नगर, फुलवारी शरीफ में तैयब अंसारी, मिल्लत कॉलोनी, सेक्टर 03 की ओर से तौजी नं० - 5190, थाना संख्या - 35 स्थल के ऊपर से ऊर्जा विभाग का हाइटेंशन वायर (तार) गुजर रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्लाट एवं आवास से जो हाइटेंशन तार गुजर रहा है वह वर्षों से निष्क्रिय है;

(ग) क्या यह सही है कि स्थानीय लोगों द्वारा हाइटेंशन तार हटाने हेतु विभाग में अनेकों बार आवेदन दिया गया है, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है जिससे किसी भी समय कोई अप्रिय घटना हो सकती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल से हाइटेंशन वायर (तार) अविलंब हटाना चाहती है, ताकि जान-माल की क्षति न हो सके, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुरानी जर्जर भवन का सही ढंग से निर्माण

***166 श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड के रेफरल अस्पताल की पुरानी भवन जर्जर स्थिति में हो चुकी है, सिविल सर्जन, मधुबनी के द्वारा भी जर्जर भवन को तोड़ने का आग्रह पत्र के माध्यम से किया गया है इसके बावजूद अबतक पुरानी भवन को ध्वस्त नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि नवनिर्मित रेफरल अस्पताल के उद्घाटन के कुछ ही वर्षों बाद इसमें दरार आने लगी है, जो जांच का विषय है;

(ग) क्या यह सही है कि पुरानी भवन जर्जर होने के कारण मरीजों का इलाज में कठिनाई हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुरानी जर्जर भवन को शीघ्र तोड़ने एवं नये भवन के सही ढंग से निर्माण नही कराये जाने की जांच सरकार कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## ह्रदय रोग विशेषज्ञ

***167 श्री कार्तिक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, पटना):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत एन.एम.सी.एच. में पिछले एक वर्ष से ह्रदय रोग विभाग बंद है;

(ख) क्या यह सही है कि एन.एम.सी.एच. के अन्य-अन्य रोग के विभागों में भर्ती मरीज को जब ह्रदय रोग विशेषज्ञ के परामर्श की आवश्यकता होती है तो उस दरम्यान ह्रदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श नहीं मिल पाता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में ह्रदय रोग विभाग संबंधित लाखों की

उपकरण पड़ी है परन्तु ह्रदय रोग चिकित्सक एवं टेक्निशियन नहीं होने के कारण सब बंद पड़ा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में ह्रदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सकोंकी प्रतिनियुक्ती अथवा पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----